आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित उद्यम उत्सव में भाग लेंगी।
- राष्ट्रपति ने कहा—लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता।
- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा सरकार वैकल्पिक और जैव ईंधन को विशेष प्राथमिकता दे रही है।
- द्वीपसमूह के उपराज्यपाल ने नई दिल्ली में चौथीं राष्ट्रीय सागरमाला एपेक्स समिति की बैठक में में भाग लिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान में आयोजित उद्यम उत्सव में भाग लेंगी। इस कार्यक्रम का आयोजन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय कर रहा है। उद्यम उत्सव का उद्देश्य देश की जीवंत विरासत को नागरिकों के करीब लाकर एम एस एम ई को सशक्त बनाना और प्रोत्साहित करना। इसका समापन तीस मार्च को होगा है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि यांत्रिक मेधा दुनिया में बडा बदलाव ला रही है और पत्रकारिता सहित कई क्षेत्रों में नए अवसर तथा नई चुनौतियां पैदा कर रही है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में उन्नीसवें रामनाथ गोयनका पत्रकारिता उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की आत्मा, समाचार एकत्रीकरण को मजबूत करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। उन्होंने कहा कि यदि नागरिकों को अच्छी तरह से जानकारी नहीं दी जाती है, तो लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं अपना अर्थ खो देती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि समाचार मीडिया को चौथा स्तंभ कहा जाता है, क्योंकि यह आधुनिक राज्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

<><><><><><><>

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, पब्लिशिर्स बुक सेलर्स गिल्ड और ईस्टर्न ज़ोनल कल्चर्र सेंट्रल के सहयोग से अण्डमान बुक फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। अतुल स्मृति समिति, बंगाली क्लब में कल से शुरू यह उत्सव तेईस मार्च तक चलेगा। इस उत्सव में न केवल पुस्तकों की प्रदर्शनी और साहित्यिक चर्चाएं होंगी, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मुख्य आकर्षण रहेगे। इस अवसर पर बंगाली क्लब के सचिव रंजन पोद्दार ने कहा कि इस उत्सव के दौरान बहुत–सी प्रतियोगिताओं के आयोजन होंगे, जिसमें उन्होंने छात्रों को बढ़–चढ़ कर भाग लेने को कहा है।

<><><><><><><>

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि देश की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में हरित ऊर्जा का योगदान बयालिस प्रतिशत से अधिक है। नई दिल्ली में बत्तीसवें कन्वर्जेंस इंडिया एक्सपो, स्मार्ट मोबिलिटी इंडिया एक्सपो और दसवें स्मार्ट सिटीज इंडिया–2025 को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि सरकार वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन को विशेष प्राथमिकता दे रही है।

श्री गडकरी ने भविष्य में यात्रा समय को कम करने वाली विभिन्न परियोजनाओं का उल्लेख किया, साथ ही कहा कि प्रत्येक परियोजना में चार महत्वपूर्ण पहलू–सिद्ध प्रौद्योगिकी, कच्चे माल की उपलब्धता, आर्थिक क्षमता और तैयार उत्पाद का विपणन शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा समाज नैतिकता, अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और पर्यावरण के स्तंभों पर खड़ा है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी ने कल नई दिल्ली में चौथीं राष्ट्रीय सागरमाला एपेक्स समिति की बैठक में में भाग लिया, जिसका उद्देश्य मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 और मैरीटाइम अमृत काल विजन 2047 के लक्ष्यों को मजबूत करना था। माननीय उपराज्यपाल ने अपने संबोधन में अंडमान और निकोबार प्रशासन की कई समुद्री परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसका उद्देश्य इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में जहाज–मरम्मत और जहाज–निर्माण हब के निर्माण की आगामी मेगा परियोजनाओं के बाद अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को विश्व स्तरीय समुद्री क्लस्टर में परिवर्तित करना है। उन्होंने अटलांटा बे में डीपवाटर पोर्ट के विकास के बारे में भी बताया, जो देश में शीर्ष दो या तीन में से एक होगा और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देखे गए विकसित भारत के सपने को साकार करेगा। इसके अलावा,

माननीय उपराज्यपाल ने पहले चरण में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के जेट्टी की मरम्मत और पुनर्निर्माण में तेजी लाने और सागरमाला योजनाओं के तहत परियोजनाओं को जल्द पूरा करने की भी सिफारिश की।

<><><><><><><>

निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले ने कल एस टी एस यूनिट, कार–निकोबार में दो बसों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इन नई बसों के आने से कार–निकोबार के निवासियों के लिए बेहतर आवाजाही सुलभ होगी। इस पहल का उद्देश्य छात्रों, कार्यालय जाने वालों और आम जनता सहित दैनिक यात्रियों की जरूरतों को पूरा करते हुए सुरक्षित, परिवहन सुनिश्चित करना है। अपने संबोधन में उपायुक्त ने जिले में सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इन बसों की शुरूआत से आवागमन की चुनौतियों में कमी आएगी और क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वीपवासियों के लिए कनेक्टिविटी और पहुंच बढ़ाने के लिए परिवहन सेवाओं में और सुधार लागू करने के लिए समर्पित है।

<><><><><><><>

स्कूलों में शतरंज पहल के तहत कल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहनपुरा में तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स कार्यक्रम का पहला चरण शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों में शतरंज कौशल का विकास करना है। शिक्षा व खेल निदेशक विक्रम सिंह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों में रणनीतिक सोच और अनुशासन को विकसित करने में शतरंज के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्कूलों और क्षेत्रीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स के योग्यता आधारित चयन के माध्यम से स्कूलों में शतरंज को बढ़ावा देने पर प्रसन्नता व्यक्त की। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में नौ शैक्षिक क्षेत्रों से लगभग तीस प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षक सत्रों का नेतृत्व करेंगे।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खिया

राजभाषा विभाग द्वारा अण्डमान निकोबार कमान के कर्मचारियों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन करने के समाचार को–द्वीप समाचार ने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। अखबार ने लिटिल अण्डमान में समुदाय संचालित जैव विविधता संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को भी अंतिम पन्नें में प्रकाशित किया हैं। कार निकोबार के गांव में पी एम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

गया– द डेली टेलीग्राम्स की खबर है। अखबार ने डाइट में आई सी टी एकीकृत–योग्यता आधारित शिक्षण पर इन–सर्विस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला काउद्घाटन करने के समाचार को भी अंतिम पन्ने में प्रकाशित किया है। नई दिल्ली में आयोजित चौथीं राष्ट्रीय सागर माला शीर्ष समिति की बैठक में द्वीपों के उपराज्यपाल ने भाग लिया–द इको ऑफ इंडिया की बडी खबर है। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स दो हजार पच्चीस का उद्घाटन किया–इंफो इंडिया न इस खबर को अपने खेल पृष्ठ में जगह दी है।

<><><><><><><>